विदेश मंत्रालय, भारत सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, चण्डीगढ़ संख्या–04/2018
दिनांक 11 जुलाई, 2018

जन साधारण की पासपोर्ट संबंधी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विदेश मत्रालय ने संचार मंत्रालय के साथ मिलकर अपनी एक महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत देश भर में डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोल रहा है। अबतक **देशभर में 200 से भी अधिक डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र** खोले जा चुके हैं।

इसी कड़ी में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, चण्डीगढ़ के अंतर्गत **प्रधान डाकघर, भिवानी में दिनांक 16 जुलाई, 2018 को सुबह 11:30 बजे डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र** का उद्घाटन मुख्य अतिथि जनरल (से.नि.) डॉ0 वी. के. सिंह, माननीय विदेश राज्यमंत्री, भारत सरकार के द्वारा श्री धर्मबीर सिंह, माननीय सांसद, भिवानी–महेंद्रगढ़ (हरियाणा) की अध्यक्षता एवं श्री सुभाष बराला, (विधायक, हरियाणा विधान सभा) की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा। इस अवसर पर अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ–साथ कर्नल सुखदेव राज, मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, अम्बाला (हरियाणा) एवं श्री शिवास कविराज, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, चण्डीगढ़ भी मौजूद रहेंगे।

क्षेत्र के लोगों के लिए दिनांक 12.07.2018 से अप्वाईंटमेंट जारी किये जाएंगे। सर्वप्रथम हर रोज 50 अप्वाईंटमेंट जारी किये जाएंगे, तथा कालांतर में इसे बढ़ाया जा सकता है। आवेदक वेबसाइट **www.passportindia.gov.in** पर जाकर अथवा **mPassport Sewa** एप डाउनलोड कर अपना अप्वाइंटमेंट बुक कर सकते हैं। पासपोर्ट चाहने वाले सभी आवेदकों को यथा निर्धारित आवेदन, दस्तावेज एवं शुल्क जमा कराना होगा।

विदित हो कि इससे पहले भिवानी क्षेत्र के लोगों को पासपोर्ट सम्बन्धी जरूरतों के के लिए पासपोर्ट सेवा केन्द्र, अम्बाला अथवा चण्डीगढ़ जाना पड़ता था। डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र के खुलने से भिवानी एवं आसपास के लोगों को पासपोर्ट संबंधी जरूरतें एक ही जगह पर मिल पाएंगी। इससे न सिर्फ उनके समय की बचत होगी बल्कि यात्रा में होने वाली अन्य परेशानियों तथा अनावश्यक खर्च से भी निजात मिलेगी।

पासपोर्ट सेवाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.passportindia.gov.in, निःशुल्क राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1800–258–1800, rpo.chandigarh@mea.gov.in अथवा 0172–2624987, 26243988 पर संपर्क किया जा सकता है।

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय
एस. सी. ओ. 28–32, सेक्टर 34–ए, चण्डीगढ़।
टेलिफोन नं. : +91–0172–2606869
फैक्स नं. : +91–0172–2601863
ई–मेल : rpo.chandigarh@mea.gov.in

शिवास कविराज, भा.पु.से.
क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी